<u>राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केन्द्र, अजमेर में उद्यान विभाग द्वारा दो दिवसीय कृषक सेमिनार का हुआ शुभारंभ</u>

उद्यान विभागअजमेर द्वारा राष्ट्रीय राष्ट्रीय बागवानी मिशन अंतर्गत दो दिवसीय कृषक सेमिनार"उच्च तकनीकी युक्त उद्यानिकी खेती" विषय पर राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केन्द्र,तबीजी पर शुरू हुआ। सेमिनार का उदघाटन जिला कलेक्टर अजमेर श्रीमान अंशदीप जी ने किया एवं कृषकों को संबोधित करते हुऐ कहा की कृषक खेती एवं उद्यानिकी की नवीन तकनीक जैसे ग्रीन हाउस, शेडनेट हाउस, ड्रिप, स्प्रिकलर, मधुमक्खी पालन, फल, सब्जी फूलों आदि का उत्पादन कर अपनी आय बढ़ा सकते हैं।

सेमिनार में निदेशक राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केन्द्र, डॉ. विनय भारद्वाज, ने कृषकों को संस्थान द्वारा विकसित बीजीय मसाला फसलों की उन्नत किस्मों के उपयोग करने तथा नवीनतम उत्पादन तकनीकी हेतु आग्रह किया।

सेमिनार के आयोजक उपनिदेशक उद्यान श्री शिवजी राम ने उद्यान विभाग की अनुदानित योजनाओ से अधिक से अधिक लाभ लेने का आवाहन किया। उन्होंने सोलर पंप, राष्ट्रीय बागवानी मिशन की योजनाओं एवं प्रधानमंत्री सिंचाई योजना के तहत "पर ड्राप मोर क्रॉप" योजना की जानकारी दी|

और साथ सब्जियों एवं फसलों में लगने वाले प्रमुख कीट व बीमारियों के निदान के बारे में बताया और प्रायौगिक तरीकों के बारे में बताया साथ ही मृदा स्वास्थ्य कार्ड के बारे में बताया और मृदा स्वास्थय कार्ड व सूक्ष्म पोषक तत्व का महत्व के बारे में बताया गया है।

इस अवसर पर रा. बी. मा. अनु. केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक डा. रविन्द्र सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. शारदा चौधरी ,संयुक्त निदेशक कृषि श्री बुध्दि प्रकाश पारीक, परियोजना निदेशक के. जी. छीपा, डा. कृष्णा कान्त, डा. बी. के. मिश्र, डा. अरविन्द वर्मा डा. रवि वाई., सहायक निदेशक उद्यान श्री सतीश चौहान, उद्यान विभाग के कृषि अधिकारी डा. श्रीपाल चौधरी, डा. दिनेश चौधरी, एवं अजमेर जिले के विभिन्न पंचायत समितियों से पधारे किसानों सहित कुल 150 प्रतिभागी उपस्थित रहे ।